## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का किया शुभारंभ : कहा– अगले दो साल में भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बनेगा।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित। कहा– अब सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों का नहीं होता पलायन।
- नीट पीजी परीक्षा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार। 11 अगस्त को ही होगी परीक्षा।
- रक्षाबंधन के अवसर पर राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को मिलेगी निःशुल्क यात्रा की सुविधा।
- पेरिस ओलंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने देश को दिलाया एक और कांस्य पदक।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत आयोजित वीरों को नमन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री योगी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने अपनी शानदार यात्रा को आगे बढ़ाया है। भारत अगले दो साल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बनेगा। सबके चेहरों पर खुशहाली होगी। ये तभी संभव होगा जब हमारी प्राथमिकता जाति, मत और मजहब नहीं बल्कि राष्ट्र होगा।

श्री योगी ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ियों को काकोरी की वीर गाथा और स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता से प्रेरित करना है। इस महोत्सव में स्कूली बच्चे, किशोर और युवा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे । मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में साढ़े चार करोड़ तिरंगे फहराने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत प्रदेश सरकार भारतीय रेलवे के सहयोग से काकोरी शौर्य गाथा एक्सप्रेस ट्रेन चलाएगी। यह विशेष ट्रेन अगले दो महीने तक पूरे प्रदेश में घूमेगी और लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी देगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन की सौंवीं वर्षगांठ के मौके पर कल प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित कर के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कानपुर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों की शहीद स्मृति यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बिजनौर में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विकास भवन में काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित अभिलेख और चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में हमारे युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी है और एक लम्बे समय तक अपने बलिदानों की गाथा लिखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि उनके बलिदानों को याद करें और उनके सपनों के भारत का निर्माण करने में सामूहिक रूप से प्रयास करें। जौनपुर कलेक्ट्रेट में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। फ़तेहपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने शताब्दी महोत्सव के अवसर पर शहीदों और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। अयोध्या ज़िला जेल में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शहीद अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नागपंचमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओलंपिक्स सहित नेशनल और वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत का नाम रौशन करने वाले पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में नौकरियां दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ओलम्पिक में एकल गेम्स में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी को छह करोड़, रजत पदक प्राप्त करने वाले को चार करोड़ रूपये और कांस्य पदक जीतने वाले दो करोड़ रुपये सम्मान राशि दे रही है। इसके साथ ही अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, खेल रत्न और खेल के क्षेत्र में पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सरकार प्रतिमाह 20 हजार रूपये की वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों का फल है कि अब प्रदेश से कोई खिलाड़ी सुविधाओं के अभाव में पलायन नहीं करता है। उसे सभी प्रकार की सुविधाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

**********

जन जन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष 2022 में शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली है। श्री मोदी ने एक संदेश में लोगों को हर घर तिरंगा

अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर के आजादी का जश्न मनाने का आग्रह किया है।

भारतीय जनता पार्टी 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल नीट पीजी 2024 की परीक्षा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। यह परीक्षा तय तिथि 11 अगस्त को ही होगी। अदालत ने कहा कि 2 लाख छात्रों के भविष्य को खतरे में डालना अन्याय होगा। याचिका में तर्क दिया गया था कि परीक्षा के लिए निर्धारित शहर परीक्षार्थियों के लिए बहुत असुविधाजनक है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने कहा कि, सैद्धांतिक रूप से न्यायालय परीक्षा को पुनर्निर्धारित नहीं करेगा और न ही इतने सारे उम्मीदवारों के भविष्य को खतरे में डाल सकता है।

इससे पहले इस परीक्षा की तिथि 23 जून 2024 तय की गई थी। बाद में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं की खबरों के कारण इसे स्थगित कर दिया था। इस वर्ष 2024 के लिए नीट पीजी की परीक्षा देश के 500 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि रक्षाबंधन के अवसर पर 18 अगस्त की रात से 19 अगस्त की रात तक राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने त्यौहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है।

**********

मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए आज और आगामी 12 तथा 17 अगस्त को मुरादाबाद जिले में महानगर, रामपुर रोड, काठ रोड और दिल्ली रोड के सभी स्कूल–कालेजों में अवकाश घोषित किया है। इससे पहले 3 अगस्त को जारी आदेश में कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया था। कल जारी आदेश बेसिक शिक्षा परिषद सहित माध्यमिक विद्यालयों, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा से संबंधित जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं और कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा।

**********

पेरिस ओलिम्पिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने देश को एक और पदक की सौगात दी है। पेरिस में देश के इस इकलौते पुरूष पहलवान ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13–5 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही पेरिस में देश के पदकों की संख्या छह पहुंच गई है।

भारत ने अब तक एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते हैं। यह लगातार पांचवां ओलंपिक है, जब भारत को कुश्ती से पदक मिला है। वर्ष 2008 के बीजिंग ओलंपिक से पेरिस ओलम्पिक तक भारतीय पहलवान हर ओलंपिक में पदक जीतते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमन सहरावत के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी है। श्री योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा है कि आपकी यह उपलब्धि देश के असंख्य युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाली है।,

**********

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कल बदायूं में बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की दवाएं खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी का अच्छे स्वास्थ्य पर पूर्ण अधिकार है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रदेश सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान से न छूटे।

**********